कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

# जागृति

वर्ष:62 अंक-7 मुम्बई जून 2018








- असम के काजीरंगा में विश्व 'हनी-बी' दिवस पर बना विश्व रिकॉर्ड
- जोधपुर के सनसिटी में जोधपुर राज्य के पूर्व नरेश गजसिंह द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पहले खादी प्लाजा का उद्घाटन

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**

वर्ष 62 अंक-7 मुंबई जून, 2018

# जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

सम्पादकीय मण्डल

**अध्यक्ष**
श्रीमती प्रीता वर्मा

**संपादक**
के. एस. राव

**उप संपादक**
सुबोध कुमार

**वरिष्ठ हिंदी अनुवादक**
सरस्वती खनका

**वरिष्ठ कलाकार**
संजय एस. सोमदे

**कलाकार**
दिलीप पालकर
सी.एच.पुनवटकर

प्रचार, फ़िल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय द्वारा
खादी और ग्रामोद्योग आयोग,
ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड,
विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई -400056
के लिए प्रकाशित
ईमेल: jagritikvic@gmail.com
वेबसाइट: www.kvic.org.in

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा संपादक सहमत हो.

## इस अंक में

समाचार सार ......... 3 से 22

आयोग द्वारा वर्ल्ड हनी-बी डे पर विश्व रिकॉर्ड.......................

आयोग द्वारा जोधपुर में पहले खादी प्लाजा का उद्घाटन............

आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेश के अनूसूचित जाति/अनूसूचित........

खादीमय होगी वह ट्रेन और स्टेशन, जहां से गांधीजी को............

आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सीबीआरटीआई..........

आयोग की वित्तीय सलाहकार द्वारा हुबली में राष्ट्रीय ध्वज.........

गौरव रचनात्मक समिति की शाखा का उद्घाटन......................

स्वरोजगार पर एक संगोष्ठी आयोजित.................................

आयोग मुख्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस आयोजित..............

आयोग द्वारा कश्मीर में विश्व मधुमक्खी दिवस का आयोजन.......

विविध..............................................................

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम.......................................

विश्व मधुमक्खी दिवस का आयोजन ........23 से 25

सफलता की कहानी ...............18

बेकरी और मिष्ठान (कन्फेक्शनरी) के स्वादिष्ट उत्पाद ही पहचान है

प्रेस कवरेज .........19 से 24

# आयोग द्वारा 'वर्ल्ड हनी-बी डे' पर विश्व रिकॉर्ड





काजीरंगा (असम) / नई दिल्ली: इस वर्ष 21 मई को विश्व मधुमक्खी दिवस पर, जब खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना द्वारा काजीरंगा वन क्षेत्र में मिशिंग असमी जनजाति के 100 लोगों के बीच 1000 मधुमक्खी बक्से (बी-बॉक्सेस) वितरित किए गये तब बहुत कम लोग यह जानते थे कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग, एक दिन में अधिकतम मधुमक्खी बक्से वितरित करने का यह एक नया विश्व रिकॉर्ड बना रहा है - जबकि इससे पहले इजराइल में 2 वर्ष पूर्व 841 मधुमक्खी बक्से वितरित किये गए थे।

जिस क्षण से हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 'मधु क्रांति' का आह्वान किया है, खादी और ग्रामोद्योग आयोग अपने पूरे उत्साह के साथ 'हनी मिशन' का कार्यान्वयन करने के लिए आगे आया है, जिसमें देश भर में नवंबर 2018 के पूर्व 1,30,000 मधुमक्खी बक्से वितरित करने के लक्ष्य,के साथ गुजरात में नर्मदा घाटी क्षेत्र से, असम में काजीरंगा जंगल और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी पंपौर क्षेत्र से माईसुरू के घने जंगल तक का क्षेत्र शामिल है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने न केवल मधुमक्खी बक्से वितरित किए, बल्कि युवाओं के लिए नौकरियों का सृजन करना भी लक्ष्य भी निर्धारित किये हैं। काजीरंगा में, 100 लाभार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित मधुमक्खी पालकों को प्रमाण पत्र देने के अलावा, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के विशेषज्ञों ने शहद मधुमक्खी प्रजातियों, कॉलोनी(छत्ता) संगठन, श्रम विभाजन और शहद मधुमक्खी के जीवन चक्र , विभिन्न मौसमों के दौरान शहद मधुमक्खी कॉलोनी का प्रबंधन इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी गयी । खादी और

ग्रामोद्योग आयोग ने काजीरंगा के कोहेरा गांव में शंकर देव शिशु निकेतन के 500 स्कूली बच्चों को 200 ग्राम शहद की बोतलें भी वितरित की। पूर्ण रूप से 'विश्व हनी-बी दिवस' का जश्न मनाने के लिए 21 मई को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा पूरे देश में 25,000 शहद की शीशियां वितरित की गयी हैं।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना, जो स्वयं 'हनी मिशन' की प्रगति पर नजर बनाए हुए हैं, ने इस अवसर पर कहा कि प्रदूषण रहित इस काजीरंगा क्षेत्र में इन मधुमक्खी बक्सों से 30,000 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाले शहद के उत्पादन करने के अलावा, मधुमक्खी पालन से बेरोजगार युवाओं और महत्वाकांक्षी युवा उद्यमियों के लिए नौकरी के रास्ते खुलेगें। उन्होंने कहा, "प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना (पीएमईजीपी) की नोडल एजेंसी होने के नाते खादी और ग्रामोद्योग आयोग, शहद के लिए प्रसंस्करण, पैकेजिंग और लेबलिंग इकाइयों की स्थापना करने के लिए ऋण प्रदान करेगी।" उन्होंने आगे कहा कि "असम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा की गई विकास की इस पहल से यहां जनजातीय लोगों के लिए आशा की एक किरण जगी है और वे विकास का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। मधुमक्खी पालन द्वारा क्रॉस परागण के माध्यम से काजीरंगा वन क्षेत्र के समृद्ध वनस्पतियों और जीवों को भी बढ़ावा मिलेगा।"

यह ध्यान देने योग्य है कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में और उसके बाहर अवैध शिकार करने पर रोक लगाने और इसके आसपास वनस्पतियों और जीवों को बनाए रखने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने पिछले वर्ष असम वन विभाग के सहयोग से खादी प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र स्थापित किया है, जिसमें काजीरंगा वन क्षेत्र के सिलिमखोवा गांव में ग्रामीण कारीगरों के लिए 25 चरखे, 5 करघे और अन्य सहायक उपकरण प्रदान किये गए। यह असम में पहली बार हुआ है, जब 10 तकुआ चरखे के साथ सूती खादी का काम शुरू किया गया है, जिससे लगभग 50 ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

अध्यक्ष महोदय ने आगे कहा कि असम के लगभग सभी जिलों में "खादी और ग्रामोद्योगी गतिविधियों द्वारा बेहतर रोजगार के साधनों तथा अवसरों को पहचाना है, और हम प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत ग्रामीण युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए कोई भी कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे - उन्हें रचनात्मक कार्यों में शामिल करने के लिए उचित मानसिक, शारीरिक और सामाजिक भागीदारी के साथ- वे न केवल अपनी आजीविका को ठीक से चला पाएंगे; बल्कि अपने क्षेत्र की लुप्तप्राय प्रजातियों के साथ-साथ जीवों और वनस्पतियों को बचाने के लिए संरक्षक के रूप में भी आगे आएंगे।

**



# आयोग द्वारा जोधपुर में पहले खादी प्लाजा का उद्घाटन



दिल्ली/जोधपुर: आधुनिकता के क्षितिज में भारतीय वस्त्र विरासत के लिए आशा की किरण दिखाई पड़ रही थी, जब खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पहले खादी प्लाजा का उद्घाटन जोधपुर जिले के सनसिटी में जोधपुर राज्य के पूर्व नरेश गजसिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पूर्व नरेश ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि शुद्धता और आधुनिक दिखने के साथ, खादी किसी एक का नहीं, बल्कि सभी की पसंदीदा वस्त्र बन गया है, इसने पिछड़े गांवों से सीधे कॉस्मोपॉलिटन शहर के मेगा मॉल में अपनी उपस्थिति का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा,"मैं हाल ही के दिनों में खादी में पेश किए गए डिजाइनों और रंगों के प्रकार से प्रभावित हूं, जीवन के सभी क्षेत्रों के लिए निस्संदेह, खादी-एक अद्वितीय इतिहास और उज्ज्वल भविष्य के साथ, भारत में भावनात्मक विचारों को उजागर करती है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि जोधपुर के लोग खादी को अपनाएंगे, जो हमारी एक विरासत है।"

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि जोधपुर के सनसिटी में आशा की एक नई किरण जगी है। "अपनी तपिश से झुलसा देने वाले सूरज की इस भूमि में, केवल खादी ही वह वस्त्र है जिसके उपयोगकर्ता को यह राहत प्रदान करती है।

उन्होंने आगे कहा, "मुझे यकीन है कि भारत का यह विशेष वातानुकूलित वस्त्र ही एकमात्र हाथ से कता और हाथ से बुना सूती वस्त्र है जो जम्मू-कश्मीर के पश्चिमी इलाकों को शीत से और राजस्थान के तेज धूप की तपिश से बचाता है।" उन्होंने आगे कहा कि खादी प्लाजा का पुनरुद्धार - जिसे 2009 में अज्ञात कारणोंवश बंद किया गया था, खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने अब साबित कर दिया है कि मौजूदा सरकार के तहत पुराने संस्थानों का पुनरुद्धार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है - जिसने खादी को आर्थिक परिवर्तन के माध्यम के रूप में चिन्हित किया है।"

यह ध्यान ध्यान देने वाली बात यह है कि 2008 में इस खादी प्लाजा की तीन मंजिला इमारत खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा शहर के मुख्य भाग में बनाई गई थी, लेकिन यह एक वर्ष से अधिक नहीं चल सका और सरकार के विरोध के कारण खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा बंद कर दिया गया था।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य (उत्तरी क्षेत्र) डॉ. हिना शफी भट भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।



# आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेश में अनूसूचित जाति/अनूसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीणों को 200 मधुमक्खी-बक्से वितरित



नई दिल्ली: 'मधु क्रांति' के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के पश्चात्, खादी और ग्रामोद्योग आयोग -10 मई, 2018 को भारत के सबसे दूरस्थ हिस्से तक पहुंचा है, जहाँ अपने महत्वाकांक्षी 'हनी मिशन' परियोजना के तहत आयोग ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में मोरंग गांव के 50 अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति परिवारों को 200 मधुमक्खी बक्से वितरित किए। समुद्र तल से 6,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित किन्नौर जिले का मोरंग, हिमाचल प्रदेश के सबसे दूरस्थ स्थित गांवों में से एक माना जाता है, जिसमें परिवहन सुविधाओं के सीमित संसाधन हैं।

मधुमक्खी बॉक्सों के वितरण अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि मधुमक्खी पालन करने के लिए 1500 लोगों को प्रशिक्षण देने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 6 करोड़ रुपये की एक बड़ी राशि निर्धारित की गई है और 21 राज्यों में सजीव मधुमक्खी कोलोनियों(मधुमक्खी छत्ते) के साथ 1.5 लाख आधुनिक मधुमक्खी बक्सों की आपूर्ति की जानी है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग उनमें से प्रत्येक लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि हमारे देश की आने वाली पीढ़ी एक मधुर भारतीय सपने का आनंद उठा सकें, जो अभी हम सभी की आँखों में निहित है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की यह पहल निश्चित रूप से उपज के साथ-साथ इस क्षेत्र के आसपास बागवानी और फूलों की खेती की गुणवत्ता में वृद्धि करेगी - जो कि दुनिया में सेब और चिल्गोज़ा के सर्वोत्तम गुणों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि "मधुमक्खीपालन जैसी एक अभिनव योजना निश्चित रूप से दिशा में एक नई रोशनी लाएगी; अब जरूरी है कि इसे जल्द से जल्द लागू करने के उद्देश्य से एकजुट होकर अभिनव कार्य योजना कार्यान्वित करनी चाहिए।"



खादी और ग्रामोद्योग आयोग की सदस्य (उत्तर क्षेत्र) डॉ. हिना शफी भट ने इसी तरह के विचारों की पुष्टि करते हुए कहा कि एक दूरस्थ पहाड़ी गांव आयोग के कार्यक्रम का साक्षी बनने पर हम सब के लिए यह गर्व और खुशी का विषय है। "खादी और ग्रामोद्योग आयोग दृढ़ता

(शेष.....पृष्ठ 16 पर)

# खादीमय होगी वह ट्रेन और स्टेशन, जहां से गांधीजी को 125 साल पहले उतारा गया था

**नई दिल्ली: भारतीय विरासत वस्त्र 'खादी', जिसका उपयोग गांधीजी ने अंग्रेजों को भारत से भगाने के लिए एक हथियार के रूप में किया, उसी खादी का उपयोग इस वर्ष 7 जून को दक्षिण अफ्रीका में शो आयोजित करने हेतु किया जायेगा- उसी पिटमैरिट्जबर्ग रेलवे स्टेशन पर - जहां से 125 साल पहले 1893 में, गांधीजी को "केवल गोरे लोगों के लिए (व्हाइट्स ओनली)" आरक्षित पहले दर्जे के डिब्बे में अपनी सीट छोड़ने से इनकार करने के लिए ट्रेन से बाहर फेंक दिया गया था।**



यह खादी और ग्रामोद्योग आयोग की एक और विशेष उपलब्धि है। इसमें 40-50 मीटर की लंबाई और 36 इंच की चौड़ाई के साथ खादी कपड़ा के 400 मीटर आपूर्ति की मांग की गई हैं, जिसका उपयोग रेल डिब्बों, प्लेटफार्म के कुछ हिस्सों, और मुख्य स्टेज को लपेटने में किया जायेगा - भारत के वाणिज्य दूतावास, डरबन के सहयोग से भारत के उच्चायोग, प्रिटोरिया के द्वारा- 7 जून जोकि नेल्सन मंडेला उर्फ मादिबा की जन्म शताब्दी है, इसी दिन वर्ष 1893 को मोहनदास करमचंद गांधी के निष्कासन की 125 वीं वर्षगांठ के समारोह के लिए पिटमैरिट्जबर्ग रेलवे स्टेशन पर - जहां से 125 साल पहले 1893 में, गांधीजी को "केवल गोरे लोगों के लिए (व्हाइट्स ओनली)" आरक्षित प्रथम दर्जे के डिब्बे में अपनी सीट छोड़ने से इनकार करने के लिए एक ट्रेन से फेंक दिया गया था और विदेश मंत्री मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज वहां इस समारोह देख रहीं थीं, जो दक्षिण अफ़्रीकी इतिहास में भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम है,




(शेष......पृष्ठ 08 पर)



**आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रीता वर्मा और केवीआईसी की मार्केटिंग टीम ने खादी के अभिसरण के लिए आईएमसी और भारतीय मर्चेंट चैंबर के अध्यक्ष श्री ललित कनोडिया, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की।**

(पृष्ठ 07 से आगे...)

इससे पूर्व, खादी और ग्रामोद्योग आयोग को 30 अप्रैल, 2108 को जोहान्सबर्ग में सैंडटन कन्वेंशन सेंटर में 'महात्मा और मदिबा के श्रद्धांजलि' के रूप में दो दिवसीय भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार शिखर सम्मेलन के लिए रेशम कपड़े वाले 175 खादी उपहार बक्से की आपूर्ति करने का आदेश प्राप्त हुआ था।

इस आर्डर से उत्साहित केवीआईसी के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि खादी, दक्षिण अफ्रीका पहुंचने का मतलब है कि दुनिया अब आर्थिक आजादी की दिशा में आगे बढ़ रही है। "इन आदेशों का मौद्रिक मूल्य हमारे लिए अमूर्त है क्योंकि इससे केवीआईसी का मनोबल बढ़ा है और खादी ने वैश्विक स्तर पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। जब गांधीजी दक्षिण अफ्रीका पहुंचे, तो नस्लवाद और ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक युद्ध शुरू हो गया था। अब, प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उम्मीदों से अधिक, खादी एक गौरवशाली वस्त्र के रूप में आर्थिक स्वतंत्रता लाने के लिए तैयार है, जो मदिबा की भूमि में अपनी पवित्रता और आर्थिक व्यवहार्यता का प्रदर्शन करेगी।

इतना ही नहीं, गांधीजी के स्वदेशी आंदोलन उर्फ बापू के शताब्दी वर्ष समारोह के एक हिस्से के रूप में, युगांडा गणराज्य के सहयोग से युगांडा में भारत के उच्चायोग ने जीन्जा में, 2 अक्टूबर, 2017, जो अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी है, को युगांडा में, गांधी विरासत स्थल पर- केवीआईसी द्वारा उपहार में दिए- गांधी चरखा का अनावरण किया गया। यह 25 किलो वजनी चरखा, उच्च गुणवत्ता वाली सागौन लकड़ी से बना है, जो 3.6 फुट लंबा, 1 फुट 11 इंच ऊँचा और 1.5 फीट चौड़ा है, जिसे खादी संस्थान द्वारा अहमदाबाद में बनाया गया है- यह पहला साक्ष्य है जो चरखे के रूप में एक विदेशी भू-स्थल पर प्रतिस्थापित है।



**

# आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सीबीआरटीआई, पुणे का दौरा

आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रीता वर्मा ने 10 मई, 2018 को आयोग के पुणे स्थित केन्द्रीय मधुमक्खीपालन अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण संस्थान का पहली बार दौरा किया और मधुमक्खीपालन और शहद प्रसंस्करण की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा उन्होंने सीबीआरटीआई के परिसर में पौधारोपण भी किया।







आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आयोग के दहाणु स्थित गजानन नाईक बहु उद्योगीय प्रशिक्षण केंद्र में एनएमसी चरखा निर्माण एवं चल रही अन्य गतिविधियों की समीक्षा के लिए केंद्र का दौरा किया, उनके साथ उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पश्चिम क्षेत्र भी थे। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किये।





# आयोग की वित्तीय सलाहकार द्वारा हुबली में राष्ट्रीय ध्वज इकाई का दौरा



आयोग की वित्तीय सलाहकार श्रीमती उषा सुरेश ने 17 मई, 2018 को हुबली में राष्ट्रीय ध्वज निर्माण इकाई का दौरा किया तथा इकाई में



चल रही राष्ट्रीय ध्वज निर्माण गतिविधियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ खादी फेडरेशन संघ के सचिव और आयोग के उप निदेशक भी उपस्थित थे। उन्होंने डीडीकेजीएस, हुबली के केआरडीपी इकाई का भी दौरा किया तथा सभी खादी कारीगरों के साथ चर्चा भी की।

# गौरव रचनात्मक समिति की शाखा का उद्घाटन

आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कमल टावरी और आयोग के राज्य निदेशक, गुजरात श्री संजय हेडाऊ ने अहमदाबाद के मणिनगर में गौरव रचनात्मक समिति की एक शाखा का उद्घाटन किया जोकि रचनात्मक समिति, सुरेंद्रनगर से सीधे सहायता प्राप्त इकाई है।

इस अवसर पर गुजरात राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के सचिव श्री कल्याण सिंह और बोर्ड के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।





# स्वरोजगार पर एक संगोष्ठी आयोजित

सैनिक बोर्ड द्वारा पूर्व सेवा कर्मियों के लिए आयोजित स्व-रोजगार संगोष्ठी का एक दृश्य- इस संगोष्ठी में जिला कलेक्टर, सैनिक बोर्ड और डीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर केवीआईसी ने पीएमईजीपी योजना पर विस्तृत जानकारी दी। संगोष्ठी में 29 पूर्व रक्षा कर्मियों ने पीएमईजीपी के तहत आवेदन किया।

जागृति
खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
जून 2018

# आयोग मुख्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस आयोजित

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा 20 मई और 21 मई, 2018 को अपने केन्द्रीय कार्यालय एवं आयोग के सभी राज्य/विभागीय कार्यालयों, विपणन और प्रशिक्षण केंद्रों में विश्व मधुमक्खी दिवस का आयोजन किया गया।**





आयोग के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में "मधुमक्खी को संरक्षित करने के लिए जागरूकता" विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। खादी और ग्रामोद्योग









आयोग के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मोहित जैन, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के.एस. राव, श्री वाई.के. बारामतीकर, श्री डी. धनपाल एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सभी कार्यक्रम निदेशक और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ मधुमक्खी पालन के जीवंत प्रदर्शन के अलावा मधुमक्खी के महत्व पर चर्चा की। इस कार्यक्रम को स्कूल के बच्चों के लिए और अधिक प्रभावी और जीवंत बनाने के लिए ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य सर्तकता अधिकारी ने मधुमक्खीपालन पर अपने विचार व्यक्त किए और इसे व्यवसाय के रूप में अपनाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के.एस. राव और श्री बारामतीकर ने मधुमक्खियों और मधुमक्खीपालन पर भी अपने विचार व्यक्त किए।

आयोग के राज्य कार्यालय, बंगलुरु में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया, इस अवसर पर आयोग की वित्तीय सलाहकार सुश्री उषा सुरेश ने कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने आयोजित एक खादी प्रदर्शनी का भी उद्‌घाटन किया।

बंगलुरु



अंबाला



विश्व मधुमक्खी दिवस मनाने के उद्देश्य से आयोग के राज्य कार्यालय, अंबाला कैंट द्वारा बत्रा प्लेस, अंबाला छावनी में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्याशाला में आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एस.एन. शुक्ला , यू.सी. डॉ. वैशु सिंह, जिला बागवानी विभाग, अंबाला श्री बटाला, डीएमवी, अंबाला श्री जी.एस. नाचंदा, मार्डन कृषि, करनाल एवं खादी और ग्रामोद्योग अधिकारियों के अतिरिक्त हरियाणा राज्य के मधुमक्खीपालन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में शहद की छोटी बोटल्स उपहार स्वरुप स्कूली बच्चों को वितरित की गयी।

जयपुर



विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर राज्य कार्यालय, जयपुर ने चार्टर्ड एकाउंटेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और राजस्थान महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों को उपहार स्वरुप शहद वितरित किया। इस अवसर पर चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई और आयोग के राज्य निदेशक, जयपुर श्री ए. के. गर्ग ने शहद बाटल्स और पुरस्कार वितरित किए।

अगरतला



आयोग के राज्य कार्यालय, अगरतला, त्रिपुरा में 20.05.18 को 'हनी डे-2018' समारोह के दौरान आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए स्कूली बच्चे।

अहमदाबाद



आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया।




विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, निंपिथ आश्रम, दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल के सहयोग से राज्य कार्यालय, कोलकाता द्वारा आयोजित विश्व मधुमक्खी दिवस का एक दृश्य।




आयोग के मण्डलीय कार्यालय, मदुरै तथा राज्य मधुमक्खीपालन विस्तार केंद्र, कुजलिथुरई द्वारा विश्व हनी मधुमक्खी दिवस मनाया गया।




आयोग के मण्डलीय कार्यालय, मेरठ द्वारा 20 मई, 2018 को ग्राम विजवाड़ा, जिला-बागपत के राजकीय प्राथमिक स्कूल में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक (छप्रोली), उ.प्र. सरकार श्री सहेंद्र सिंह रमाला और ग्राम प्रधान श्री अरविंद तोमर ने बच्चों को हनी शहद की बोटल्स वितरित की।




विश्व मधुमक्खी दिवस पर 18.05.2018 को जीएवी उच्च माध्यमिक स्कूल, कंगड़ा (हि.प्र.) में एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जहां वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन और ड्राइंग प्रतियोगिता छात्रों के बीच आयोजित की गई एवं आयोग के राज्य निदेशक प्रभारी, शिमला द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।




आयोग के एमडीटीसी, नई दिल्ली ने कार्यालय परिसर में विश्व हनी दिवस का आयोजन किया। छात्रों ने ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया और सुश्री मिनाक्षी लेखी, माननीय लोकसभा सदस्य द्वारा अपनाए गए कुतुबगढ़ गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

चंडीगढ़ में आयोग के राज्य कार्यालय द्वारा मनाया गया विश्व मधुमक्खी दिवस।




राज्य कार्यालय, अगरतला द्वारा प्रायोजित मधुमक्खीपालन पर प्रथम 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत दिनांक 07 मई, 2018 से रनिर गाँव, मज्लिशपुर में हुई।




नीलगिरी जिले में नेदूंका लकोम्बाई (जनजातीय गांव) में विश्व मधुमक्खी दिवस आयोजित किया गया।




आयोग के राज्य कार्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ द्वारा आयोजित विश्व मधुमक्खी दिवस।




अगरतला में पांच लाभार्थियों को मधुमक्खी कालोनियों के साथ शहद बक्से का वितरण, विश्व मधुमक्खी दिवस पर कुल पचास बक्से वितरित किए गए।




आयोग के डॉ.राजेंद्र प्रसाद बहु उद्योगीय प्रशिक्षण केंद्र , पटना में आयोजित विश्व मधुमक्खी दिवस समारोह का दृश्य।




# आयोग द्वारा कश्मीर में विश्व मधुमक्खी दिवस का आयोजन


















**श्रीनगर 20 मई 2018: खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने कश्मीर क्षेत्र में विश्व मधुमक्खी दिवस का आयोजन किया। मुख्य समारोह राजकीय हाई स्कूल, गांदरबल जिले के दब इलाके में आयोजित किया गया, जहां स्कूल के 300 बच्चों के बीच शहद की बोतलें वितरित की गई। निबंध और कला प्रतियोगिता के आयोजन के अलावा केवीआईसी द्वारा इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।**

श्री अनिल कुमार शर्मा, सहायक निदेशक प्रभारी कश्मीर क्षेत्र ने, जो आयोग के प्रशिक्षण केंद्र-पीएमटीसी के प्रभारी भी हैं, बच्चों से पूरे देश में मधुमक्खी पालन के बारे में जागरूकता फ़ैलाने का संकल्प लेते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइन्स्टीन ने कहा था कि अगर मधुमक्खियाँ पृथ्वी से समाप्त हो जाएं तो चार वर्ष में मानव जाति का अस्तित्व

(शेष.....पृष्ठ 16 पर)



विश्व मधुमक्खी दिवस पर जम्मू कश्मीर के सबह जिले में राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के 220 बच्चों के बीच शहद की बोतलें वितरित की गई।



(पृष्ठ 15 से आगे...)

पूरी दुनियां से मिट जाएगा। मधुमक्खी दिवस एक जागरूकता दिवस है जो संयुक्त राज्य अमेरिका में शिक्षा के माध्यम से मधुमक्खी उद्योग के बारे में सामूदायिक जागरूकता पैदा करने के लिए शुरू किया गया था जो अब विश्वव्यापी बन गया है खासकर हमारे देश में।

उन्होंने आगे कहा कि मधुमक्खी पालन से जुड़ने के लिए मधुमक्खी संघ के साथ-साथ अन्य इच्छुक समूहों को एक साथ लाने की एक सरल अवधारणा के साथ प्रथा शुरू की गई है।

इस अवसर पर श्री पारवीज, वरिष्ठ मधुमक्खी पालक ने मधुमक्खियों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि जिस क्षण से हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'मधु क्रांति' का आह्वान किया है, खादी और ग्रामोद्योग आयोग अपने पूरे उत्साह के साथ 'हनी मिशन' का कार्यान्वयन करने के लिए आगे आया है।

विश्व मधुमक्खी दिवस, शिमला में



नगरोटा, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) के उच्चतर माध्यमिक स्कूल में विश्व मधुमक्खी दिवस पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जहाँ स्कूल के 250 छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को हनी कॉफी का वितरण किया गया।

यह शिविर सीएसकेएचपीकेवी, नगरोटा, जिला कांगड़ा के सहयोग से हिमाचल प्रदेश बी रिसर्च सेंटर नगरोटा, बागवान, जिला-कांगड़ा में आयोग के राज्य कार्यालय, शिमला द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें 100 से ज्यादा मधुमक्खीपालकों, किसानों और आरएडब्लूई छात्रों, विद्वानों, वैज्ञानिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रो. अशोक सरियल, कुलपति, सीएसके कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर जिला-कंगड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

(पृष्ठ 06 से आगे...)

से ग्रामीण इलाकों के समावेशी विकास में विश्वास करता है, मधुमक्खी पालन से बेहतर उद्यम कोई हो नहीं सकता है जो कम निवेश और कम इनपुट व्यापार तंत्र से भागार्थियों को एक प्रत्यक्ष आय उत्पन्न करता हो। उन्होंने आगे कहा कि यह न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भरता के द्वार खोलेगा बल्कि उत्पन्न हो रहे पारिस्थितिकीय असंतुलन को भी समाप्त कर देगा।"

किन्नौर के जिला बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती प्रितेश्वरी देवी ने इस अवसर पर कहा कि वह लाभार्थियों की आंखों में उम्मीदों की किरणों को देखने के लिए उत्साहित हैं। "खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस आदर्श पहल ने हमें इस क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए विकास योजनाओं को लागू करने के लिए प्रेरित किया है।"

इस अवसर पर क्षेत्रीय समिति (उत्तर क्षेत्र) के सदस्य श्री राकेश ठाकुर, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति मोर्चा (हिमाचल प्रदेश) के राज्य प्रमुख श्री सूरत सिंह, किन्नौर के जिलाधिकारी श्री शिव मोहन सिंह सैनी और जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री एस.सी. नेगी भी मौजूद थे।

**

# विविध

## कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

आयोग के सीपीपीआई, माधवराम, चेन्नई द्वारा ओएनजीसी के सीएसआर फंड के तहत अरियालुर जिले में बेकरी, फलों और सब्जियों एवं बहुलक रसायन में 90 प्रशिक्षुओं के लिए 15 दिनों के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। ओएनजीसी और राज्य सरकार के अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।







आयोग के राज्य कार्यालय, देहरादून को आईएसओ 9001-2015 प्रमाणपत्र मिला। राज्य कार्यालय, देहरादून की पूरी टीम को बधाई।



मेरठ में आयोग के मंडलीय कार्यालय द्वारा 09 मई, 2018 को केआरडीपी पर एक बैठक आयोजित की गई।

चंडीगढ़ में एसएलबीसी, पंजाब की बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोग के राज्य निदेशक, चंडीगढ़ ने भाग लिया। बैठक में पीएमईजीपी कार्यक्रम पर चर्चा की गई।



आंचलिक बहु उद्योगीय प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली ने 10 मई 2018 को साबुन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।



# बेकरी और मिष्ठान (कन्फेक्शनरी) के स्वादिष्ट उत्पाद ही पहचान है

**एक अच्छी ब्रेड की सुगंध अपने स्वादिष्ट स्वाद और खुशबू का अवर्णनीय अहसास कराती है।**

मेसर्स बेकरी और मिष्ठान (कन्फेक्शनरी)-एक पीएमईजीपी इकाई के मालिक 42 वर्षीय श्री मोहम्मद इशाक पटेल हैं, जो अपनी इकाई में ब्रेड, केक, कुकीज़, टोस्ट और खारी इत्यादि जैसे स्वादिष्ट बेकरी की चीज़ें बनाते हैं। श्री पटेल, गुजरात विश्वविद्यालय से बेकरी विज्ञान में शिक्षित हैं।

उन्होंने गुजरात के अहमदाबाद स्थित मिस्किन बेकरी में 3 साल काम किया और बेकरी क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने मुंबई स्थित गायलोर्ड पांच सितारा रेस्तरा बेकरी में 2 वर्ष कार्य किया। इसके पश्चात् अंतरराष्ट्रीय ताज के बेकरी अनुभाग में साढ़े तीन वर्ष तक कार्य किया, इसके बाद वे संयुक्त अरब अमीरात गए, वहां उन्होंने 3 वर्ष विशेष हथियार बल ( स्पेशल आर्म्स फोर्स) के लिए काम किया, फिर संयुक्त अरब अमीरात में अजमान कैपेस्किन पांच सितारा होटल में डेढ़ वर्ष तक कार्यरत्त रहे । उन्होंने कम से कम 2 साल तक विभिन्न संगठनों में प्रत्यक्ष विपणन के लिए सेल्समेन के रूप में भी काम किया । इसके पश्चात उन्होंने अपनी इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया। पटेल कहते हैं , "यह सिर्फ जुनून नहीं है बल्कि एक ऐसा जुनून है जिसे हम अत्यधिक महत्व देते हैं और मेरे लिए यह इच्छा शक्ति है।" यदि आपके पास कुक बनने की निरंतर अविश्वसनीय इच्छा है, तो आप एक महान कुक (रसोइयाँ) बनेंगे ही यह निश्चित है।



इस क्षेत्र में संघर्ष करने और अनुभव लेने के पश्चात, उन्होंने वर्ष 2011में अपनी मेसर्स बेकरी और कन्फेक्शनरी इकाई स्थापित कर स्व नियोजित होकर आज एक सफल उद्यमी बने हैं और अन्य व्यक्तियों को भी लाभान्वित कर रहे हैं। आज वह 16 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं और उनकी इकाई 1.5 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही है । उनका परिवार उनकी इस प्रगति से खुश है, क्योंकि वे समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। वह प्रति वर्ष 18 लाख मजदूरी का भुगतान करते हैं।

मोहम्मद इशाक का मानना है कि पहल, विपणन, निर्यात, और अनुसंधान एवं विकास का क्षेत्र ज्ञान अनुभव के साथ आता है जो समय-समय पर बदलता है और यह बाजार की मांग और आवश्यकता पर भी निर्भर करता है।





श्री पटेल अपने अनुभव के आधार पर कहते हैं कि कोई भी व्यवसाय या काम करने से पहले उस क्षेत्र में अनुभव लें और नम्र होकर कार्य करें। ◈◈



**How Modi used Khadi and Yoga to promote India's soft power...**
www.timesnownews.com

http://www.timesnownews.com/india/article/how-modi-used-khadi-and-yoga-to-promote-indias-soft-power/232340 11:58 AM

**KVIC provides jobs to over 14.75 lakh in four years**
) The Khadi and Village Indu...
www.thehindubusinessline....

https://www.thehindubusinessline.com/companies/kvic-provides-jobs-to-over-1475-lakh-in-four-years/article24006900.ece 11:58 AM



**Established nearly 1.94 lakh projects, provided jobs to over 14.75 lakh in four year...**
economictimes.indiatimes.c...

https://economictimes.indiatimes.com/jobs/established-nearly-1-94-lakh-projects-provided-jobs-to

**KVIC Chairperson appreciates State Khadi Board initiatives...**
www.dailypioneer.com

http://www.dailypioneer.com/state-editions/ranchi/kvic-chairperson-appreciates-state-khadi-board-initiatives.html 11:58 AM



**Khadi bets on supply tie-ups with brands**
The next time you buy a den...
www.telegraphindia.com

https://www.telegraphindia.com/states/jharkhand/khadi-bets-on-supply-tie-ups-with-brands-233491 11:58 AM

**KVIC crosses subsidy target under PM job plan**
Why did Mahatma Gandhi a...
www.millenniumpost.in

http://www.millenniumpost.in/features/kvic-crosses-subsidy-target-under-pm-job-plan-301589 11:58 AM




**Provided 14.75 lakh jobs in 4 years of Modi government: KVIC...**
www.financialexpress.com

Provided 14.75 lakh jobs in 4 years of Modi government: KVIC-https://www.financialexpress.com/jobs/provided-14-75-lakh-jobs-in-4-years-of-modi-government-kvic/1183070/ 11:58 AM

**Average khadi industries products export grow by 133.28% after 2014**
New Delhi: Output always speaks of inte...
www.millenniumpost.in

http://www.millenniumpost.in/business/average-khadi-industries-products-export-grow-by-13328-after-2014-301922 11:58 AM



**KVIC achieves landmark growth through PMEGP in last 4 years...**
knnindia.co.in

http://knnindia.co.in/news/newsdetails/sectors/kvic-achieves

**Established nearly 1.94 lakh projects, provided jobs to over 14.75 lakh in four year...**
www.business-standard.com

http://wap.business-standard.com/article/pti-stories/established-nearly-1-94-lakh-projects-provided-jobs-to-over-14-75-lakh-in-four-years-kvic-118052700434_1.html 11:58 AM



**झारखंड खादी बोर्ड का मॉडल देशभर में लागू कराएंगे : सक्सेना**
खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्य...
www.livehindustan.com

https://www.livehindustan.com/jharkhand/ranchi/story-jharkhand-to-introduce-khadi-board-model-across-the-country-saxena-1981390.html 11:58 AM



**Provided 14.75 lakh jobs in 4 years of Modi government: KVIC...**
www.financialexpress.com

https://www.financialexpress.com

**TIMES NOW** @TimesNow · 11h

Khadi and Yoga have particularly benefitted from Modi's focus on exporting India's soft power to the globe



How Modi used Khadi and Yoga to promote India's soft power
timesnownews.com

21 76 315

## KVIC celebrates World Honey Bee Day

■ STATE TIMES NEWS

SRINAGAR: Khadi and Village Industries Commission (KVIC) on Sunday celebrated World Honey Bee Day in Kashmir Region.

The main function was organised at Government High School, Dab Ganderbal wherein honey bottles were distributed among 300 school children. Besides, essay and art competition was organised and the winners of these competitions were awarded by KVIC.

On the Occasion, Anil Kumar Sharma, Assistant Director, Incharge Kashmir Region was the Chief Guest. Also School Headmaster, Teachers and staff of KVIC was present.

Anil, who is also Principal of Training Centre PMTC of KVIC, while addressing the children said that the Honey Bee Day is an awareness day started beekeepers in the United States to build community awareness of bee industry through education and promotion which has now become a worldwide observation especially in our Country.

He said that the observance was started with a simple concept of bringing together beekeepers, bee association as well as other interested groups to connect with the communities to advance beekeeping.

Anil said that by working together and harnessing the efforts that so many already accomplish and using a united effort one day a year, the rewards and message is magnified many times over. We encourage bee associations, individuals and other groups to get involved.

In the meantime, Parvaiz, Senior Beekeeper gave a detailed importance of Beekeeping.

It is worth to mention here that KVIC started 'Sweet Kranti' from Rashtrapati Bhavan last year to Celebrates World Honey Bee Day.

21% 11:49 pm
jkedunews.com

JKEDUNEWS.COM

# Press Coverage

## KVIC celebrated World Honey Bee Day in Kashmir

Honey Bottles distributed among 300 School Children : Essay and Art Competitions organised and winners awarded

By Editor — On May 20, 2018 — 28,179



By clicking the subscribe

Back Forward Home Bookmarks Tabs

पंजाब केसरी ई-पेपर 3/10

### के.वी.आई.सी. ने कश्मीर में मनाया विश्व मुधमक्खी दिवस

## स्कूली बच्चों में बांटीं 300 हनी की बोतलें, मधुमक्खी पालन के बारे में जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प






**KVIC sets 'honey mission' world record on World Honey Bee day...**
zeenews.india.com

http://zeenews.india.com/india/kvic-sets-honey-mission-world-record-on-world-honey-bee-day-2110331.html
11:58 AM



**Four years of high fashion: PM Modi's sartorial sense is a hit...**
www.moneycontrol.com

https://www.moneycontrol.com/news/india/four-years-of-high-fashion-pm-modis-sartorial-sense-is-a-hit-2575911.html
11:58 AM



மாதவரத்தில் உலக தேனீக்கள் தினம் எப்படி தேன் எடுப்பது ?
www.youtube.com

https://youtu.be/3AzIrZq9gF0
11:58 AM

**Average khadi industries products export grow by 133.28% after 2014**
New Delhi: Output always speaks of inte...
www.millenniumpost.in

http://www.millenniumpost.in/business/average-khadi-industries-products-export-grow-by-13328-after-2014-301922
11:58 AM

**Khadi taps Amazon for garment e-sales - Times of India**
India Business News: NEW DELHI: The K...
timesofindia.indiatimes.com

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/khadi-taps-amazon-for-garment-e-sales/articleshow/64407749.cms
11:58 AM

BL BusinessLine

**KVIC distributes a record 1,000 bee-boxes**
The Khadi and Village Indus...
www.thehindubusinessline....

https://www.thehindubusinessline.com/economy/agri-business/kvic-distributes-a-record-1000-bee-boxes/article23952606.ece
11:57 AM

**KVIC sets world record on World Honey-Bee Day**
On the occasion of World Honey Bee Day,...
www.millenniumpost.in

http://www.millenniumpost.in/features/kvic-sets-world-record-on-world-honey-bee-day-300496
11:57 AM

BS Business Standard

**World Honey Bee Day: KVIC distributes bee boxes to Assam tribals...**
www.business-standard.com

http://wap.business-standard.com/article/pti-stories/world-honey-bee-day-kvic-distributes-bee-boxes-to-assam-tribals-118052100734_1.html



**Ministry of MSME on Twitter**
"Minister of State(I/C) MSME, Shri @girirajsinghbjp...
twitter.com

Check out @minmsme's Tweet: https://twitter.com/minmsme/status/1000282785506967557?s=08
11:58 AM

यूपी खादी की मार्केटिंग को अमेजन से करार हुआ - https://m.livehindustan.com/uttar-pradesh/lucknow/story-marketing-of-up-khadi-deals-with-amazon-1813305.html
11:58 AM

**झारखंड खादी बोर्ड से सीखें देश के अन्य बोर्ड : विनय**
खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष ने किया रातू रोड स्थित बोर्ड के कार्यालय का भ्रमण प्रशिक्षण केंद्र और ...
www.prabhatkhabar.com

https://www.prabhatkhabar.com/news/ranchi/story/1162495.html
11:58 AM

KVIC Chairperson



# 40 मौन पालकों को बांटे 200 मौन बक्से

## मूरंग पंचायत में राष्ट्रीय हनी मिशन के तहत किया वितरण

ब्रीफ न्यूज

मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी



जिस स्टेशन पर जबरदस्ती उतार दिया गया था गांधी को

# वह होगा खादीमय

एजेंसियां

दिल्ली. महात्मा गांधी को 'अश्वेत' होने के कारण दक्षिण अफ्रीका में एक स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से धक्के मारकर उतार दिया गया था. दक्षिण अफ्रीका के पीटरमारित्जबर्ग रेलवे स्टेशन पर हुई इस घटना के 125 साल पूरे होने वाले हैं. इसकी याद में होने वाले समारोह में वहां स्टेशन के प्लेटफॉर्म तथा ट्रेन के डिब्बों को खादी से सजाया जा रहा है. खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने बताया कि उसे इस सिलसिले में प्रीटोरिया स्थित भारतीय उच्चायोग और डरबन स्थित भारतीय महावाणिज्यिक दूतावास से 36 इंच चौड़े और 40-50 मीटर लंबे 400 मीटर खादी कपड़े का ठेका मिला है. खादी के इन कपड़ों का इस्तेमाल ट्रेन के डिब्बों को सजाने में किया जाएगा. आयोग के अनुसार मोहन दास करमचंद गांधी को श्वेत लोगों के लिए आरक्षित प्रथम श्रेणी के डिब्बे से 7 जून 1893 को बाहर फेंक दिया गया था.

इस घटना की 125 वीं बरसी पर याद में समारोह आयोजित किया जाएगा. आयोग ने कहा कि समारोह में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज भी उपस्थित होंगी. यह साल दक्षिण अफ्रीकी इतिहास के लिए इस कारण भी महत्वपूर्ण है कि यह नेल्सन मंडेला की जन्मशती का साल है. उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में खादी को एक महत्वपूर्ण हथियार बना दिया था. खादी उनके स्वदेशी आंदोलन का आधार बनकर सामने आया था.



DB स्टार

नई पहल • स्पीनर्स के वेजेज बढ़ाने पर आर्थिक बोझ से उत्पादक संघों बिखरते, बिक्री के लिए ढूंढा रास्ता

# बिहार में बन रहे खादी के कपड़े बेचेगा रेमण्ड, निफ्ट करा रहा ड्रेस डिजाइनिंग

MONDAY POSITIVE

खादी का सैंपल टेस्ट के लिए भेजा है

नीति को फाइनल टच देने में जुटे हैं

करार के लिए खादी नीति का हो रहा इंतजार



# 40 मौन पालकों को बांटे 200 मौन बाक्स

रिकांगपिओ – श्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार ने गुरुवार को किन्नौर के मूरंग गांव में राष्ट्रीय हनी मिशन के तहत 40 मौन पालकों को 200 मौन बक्सों का वितरण किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस वित्तीय वर्ष में 400 मौन पालकों को 4000 मौन बक्सों का वितरण किया जाना प्रस्तावित है। सक्सेना ने कहा कि राज्य कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग शिमला द्वारा भारत सरकार के स्वीट क्रांति के अंतर्गत मिनी हनी मिशन के लिए पहले चरण के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में चार चरणों में 65 मौन पालकों को कुल 650 मौन बक्सों का वितरण किया गया है। इस अवसर पर निदेशक, प्रभारी, राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग शिमला के अलावा प्रशिक्षित मौन पालक भी उपस्थित थे।

# मूरंग में 200 मौन बक्सों का वितरण

## किन्नौर जिला का वातावरण उत्तम शहद के लिए उपयुक्त : सक्सेना



[illegible]

बछडी गांव में राम … रामपुर कालेज में एबीवीपी ने …

# खादीमय होगा वह स्टेशन जहां गांधी को उतारा था

नई दिल्ली | एजेंसी

महात्मा गांधी को अश्वेत होने के कारण दक्षिण अफ्रीका में एक स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से धक्के मारकर उतार दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका के पीटरमारित्जबर्ग रेलवे स्टेशन पर हुई इस घटना के 125 साल पूरे होने वाले हैं। इसकी याद में होने वाले समारोह में वहां स्टेशन के प्लेटफॉर्म तथा ट्रेन के डिब्बों को खादी से सजाया जा रहा है।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने बताया कि उसे इस सिलसिले में प्रीटोरिया स्थित भारतीय उच्चायोग और डरबन स्थित भारतीय महावाणिज्यिक दूतावास से 36 इंच चौड़े और 40-50 मीटर लंबे 400 मीटर खादी कपड़े का ठेका मिला है। खादी के इन कपड़ों का इस्तेमाल ट्रेन के डिब्बों को सजाने में किया जाएगा। आयोग के अनुसार, मोहन दास करमचंद गांधी को श्वेत लोगों के लिए आरक्षित प्रथम श्रेणी के डिब्बे से सात जून 1893 को बाहर फेंक दिया गया था। इस घटना की 125 वीं बरसी पर याद में समारोह आयोजित किया जाएगा।

आयोग ने कहा कि समारोह में विदेशमंत्री सुषमा स्वराज भी उपस्थित होंगी। यह साल दक्षिण अफ्रीकी इतिहास के लिए इस कारण भी महत्वपूर्ण है कि यह नेल्सन मंडेला की जन्मशती का साल है।

# मोरंग में बंटे हनी बॉक्स

रिकांगपिओ, 10 मई (स.ह.): विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार विनय कुमार सक्सेना ने वीरवार को किन्नौर के मूरंग गांव में राष्ट्रीय हनी मिशन के तहत 40 मौन पालकों को 200 मौन बॉक्स का वितरण किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस वित्तीय वर्ष में 400 मौन पालकों को 4000 मौन बॉक्स का वितरण किया जाना प्रस्तावित है। सक्सेना ने कहा कि राज्य कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग शिमला द्वारा भारत सरकार के स्वीट क्रांति के अंतर्गत मिनी हनी मिशन के लिए पहले चरण में वर्ष 2017-18 में चार चरणों में 65 मौन पालकों को कुल 650 मौन बॉक्स का वितरण किया गया है।

आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजिस, चंडीगढ़ को …

दैनिक उजाला भारत





# खादी प्रदेश की संस्कृति व परम्परा की एक पहचान है : पूर्व नरेश गजसिंह

## खादी प्लाजा का जोधपुर में शुभारंभ

[illegible]

# खादी प्रदेश की संस्कृति व परम्परा की पहचान : पूर्व नरेश गजसिंह

## खादी प्लाजा का जोधपुर में शुभारंभ

[illegible]

## नवीन डिजाइन के मिलेंगे वस्त्र

[illegible]



[illegible]

## यह वैरायटी है उपलब्ध

[illegible]

## यह रहे मौजूद

[illegible]



பயிற்சி... வங்கிக்கடன்... ஆலோசனை...

'பலே' பனைபொருள்கள் உற்பத்தி நிறுவனம்!



இல்லத்தரசியும்

தொழில் முனைவோர் ஆகலாம் – 6